an>

Title: (i) Need to carry out restoration and maintenance of various heritages sites in Mumbai. (ii) Need for early clearance of proposal regarding water pipeline and sewage pipeline in Mumbai-South Parliamentary Constituency.

श्री राहुल शेवाले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में और साथ ही साथ मुम्बई में बहुत सारे ऐतिहासिक और धार्मिक इमारतें हैं। जहां आम जनता द्वारा पूजा-पाठ, शिक्षा और मेडिकल केयर के साथ-साथ कुछ जनसंस्थाएं भी चलायी जा रही हैं। इनमें से कई इमारतों की स्थिति आज जर्जर बनी हुई है। जिसके कारण यहां जनसेवक के रूप में योगदान देने वाले लोगों के साथ ही आम जनता को जान का खतरा बना हुआ है। इन इमारतों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। हैरीटेज लिस्ट में शीतला देवी मंदिर ग्रेड-2 में आता है। मेयर बंगला ग्रेड-2बी में आता है। माहिम फोर्ट ग्रेड वन में आता है और बेनबोर्ड स्कॉटिश चर्च और स्कूल ग्रेड-3 में आता है। शीतला देवी मंदिर का काम्पलैक्स भी ग्रेड-2 में आता है। इस क्षेत्र का माहिम मकदूम बाबा दरगाह और सैंट माइकल चर्च, गणेश मंदिर और बंगाल क्लब है। इन सभी का उल्लेख मैंने अभी किया वे सीआरजेड नोटिफिकेशन 2011 में किया गया था और एमसीजेडएमएन ने इन इमारतों की मरम्मत और पुनर्निमाण का प्रस्ताव स्वीकृति के लिए केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को भेजा हुआ है, परन्तु वÂ◌ा◌ा◌ें से लम्बित इस प्रस्ताव पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र में एक वॉटर लाइन्स का और एक सीवरेज लाइन्स का प्रपोजल भी केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय को भेजा हुआ है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि इन दोनों प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान करें, जिससे इन दोनों समस्याओं का समाधान हो सके और जनता को इसका फायदा हो सके।